# आईएसबीटी की व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

## लगातार मिल रही शिकायतों पर कलेक्टर और एसपी ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 जनवरी. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बुधवार को नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के बैठने, पेयजल, सुरक्षा और बसों के आवागमन की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड की सभी आवश्यक



बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं। कलेक्टर और एसपी ने इस दौरान पूरे आईएसबीटी का भ्रमण कर बसों के स्थानक, कन्ट्रोल रूम और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बस स्टैण्ड के सामने की ओर ऑटो स्टैण्ड, चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों की पार्किंग का स्थान भी चिन्हित किया। कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने सतना शहर के अंदर से जाने वाली नागपुर, प्रयागराज, बांदा जैसी अंतरराज्यीय बसे और इन्दौर-भोपाल जाने वाली लम्बी दूरी की बसों को आईएसबीटी तक एप्रोच करें। कलेक्टर ने सूत्र सेवा के कोआर्डिनेटर तथा अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के सीसीटीवी कैम्रे का कन्ट्रोल रूम चैबीसो घंटे कार्यरत रखने कर्मचारियों की डयूटी लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बस स्टैण्ड से कारगिल ढाबा तक निर्माणाधीन सडक मार्ग (फोरलेन) को प्राथमिकता देकर तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण एवं ठेकेदार को दिये है। बाद में कलेक्टर-एसपी ने निर्माणाधीन फोरलेन बायपास के निर्माण का भी अवलोकन किया।

### इस मौके पर इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम कमिश्नर शैलेंद्र सिंह, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सत्यम मिश्रा, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.आर. सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# उप मुख्यमंत्री ने थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी से की सौजन्य भेंट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से सौजन्य भेंट की.**

उन्होंने समसामयिक विषयों, जनहित से जुड़े मुद्दों और विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की.

# एमपीआरडीसी की मनमानी उजागर, सड़क मरम्मत में सुरक्षा मापदंडों की खुलेआम अनदेखी

## बिना ग्लब्स चूना छिड़कते मजदूर, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ने इंजीनियर को लगाई कड़ी फटकार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जनवरी। म.प्र. रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के निर्माण कार्यों में लापरवाही और नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक और मामला जिला मुख्यालय बैढ़न में सामने आया है।**

कचनी से रेलवे क्रासिंग तक चल रहे सड़क पेच मरम्मत कार्य ने न सिर्फ विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि मजदूरों की जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ को भी उजागर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मरम्मत कार्य के दौरान मजदूरों को न तो आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही किसी प्रकार की सावधानी बरती



गई। एक मजदूर बिना ग्लव्स के खुले हाथों से सड़क पर चूने का छिड़काव करता नजर आया। चूना जैसे रासायनिक पदार्थ का इस तरह उपयोग न केवल मजदूर के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह श्रम कानूनों और निर्माण सुरक्षा मानकों का सीधा उल्लंघन भी है। यह गंभीर लापरवाही उस वक्त उजागर हुई, जब आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रतिभान प्रसाद मौके से गुजर रहे थे। जैसे ही उन्होंने मजदूरों की दुर्दशा और कार्य की बदहाल स्थिति देखी, उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया और मौके पर मौजूद एमपी आरडीसी के इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। रतिभान प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह का कार्य न केवल घटिया है, बल्कि भविष्य में बड़ी दुर्घटना को भी न्योता दे सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमपी आरडीसी सिर्फ कागजों में गुणवत्ता और सुरक्षा के दावे करती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। जिस तरह से पेच मरम्मत का काम किया जा रहा है, उसे देखकर साफ प्रतीत होता है कि यह सड़क कुछ ही महीनों में फिर से उखड़ जाएगी और जनता को दोबारा परेशानी झेलनी पड़ेगी। यह पूरा खेल ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम नजर आता है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि सड़क मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। न तो सड़क की सही सफाई की जा रही है और न ही वैज्ञानिक तरीके से मरम्मत। ऊपर से सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मजदूरों को जोखिम में डाला जा रहा है। इससे पहले भी इसी मार्ग पर की गई मरम्मत ज्यादा दिन नहीं टिक पाई थी।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन और एमपी आरडीसी के उच्च अधिकारी इस लापरवाही पर कोई ठोस कार्रवाई करेंगे या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी होगी, बल्कि किसी बड़े हादसे से भी इंकार नहीं किया जा सकता। जनता अब जवाब चाहती है।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा, चार महिलाएं घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, रीवा-बनारस मुख्य मार्ग पर मंगलवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया. देवतालाब की ओर से घर लौट रही महिलाओं से भरे ऑटो को विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी.**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया. हादसे में ऑटो सवार चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर किया गया है. हादसा मऊगंज जिले के पन्नी पथरिया गांव के पास रीवा-बनारस मुख्य मार्ग पर हुआ. जानकारी के अनुसार देवतालाब की तरफ से लौट रहा ऑटो जैसे ही पन्नी पथरिया के समीप पहुंचा, सामने से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर के बाद ऑटो असंतुलित होकर पलट गया. ऑटो में सवार चार महिलाएं फूलवती कोल, राजकली कोल, साधना कोल और प्रभा कोल सभी निवासी ग्राम घूरेहटा हादसे में घायल हो गईं. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल मऊगंज पहुंचाया. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद फूलवती कोल और राजकली कोल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया. शेष दो महिलाओं का इलाज सिविल अस्पताल मऊगंज में जारी है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है.

### इनामी बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

रीवा में भाईगिरी दिखाकर लोगों में दहशत फैलाने वाले इनामी बदमाश को समान थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और आरोपी का सरेराह पुलिस ने जुलूस निकाला. दरअसल रीवा में विकास दुबे नामक व्यक्ति के ऊपर हत्या का प्रयास सहित कई आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है. पुलिस के द्वारा आरोपी के ऊपर 12000 का इनाम भी घोषित किया गया था. आरोपी के खिलाफ निरंतर अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिल रही थी जिसे पकड़ने के लिए पुलिस अधिकारियों ने जाल बिछाया इसके बाद उसे समान थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

# पुलिस प्रताड़ना के चलते ग्रामीण ने की आत्महत्या, कांग्रेस ने लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जनवरी। जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र के ग्राम चरगोड़ा में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।**

इस घटना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जिला कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ अब मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। परिजन का आरोप ग्राम चरगोड़ा निवासी सिराज खान उम्र 45 वर्ष ने बीते सोमवार को कथित तौर पर पुलिस प्रताड़ना और 1 लाख रुपये की रिश्वत की मांग से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। गोभा चौकी प्रभारी द्वारा एक नाबालिक लड़की के लापता होने के मामले में मृतक और उसके



परिवार को जेल भेजने की धमकी एवं प्रताड़ना दी जा रही थी, नूरी जामा मस्जिद, बैढ़न के सदर शाहनवाज खान मिन्हाज ने इस घटना पर कड़ा रोष व्यक्त किया है, उन्होंने सीएसपी और जिला प्रशासन से मुलाकात कर इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शाहनवाज खान ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद रजा, अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा, उसैद हसन सिद्दीकी, मोनीष पठान, खलीफा पठान एसपी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि पुलिस के मानसिक और आर्थिक दबाव के कारण ही सिराज खान ने आत्मघाती कदम उठाया. परिजनों का दावा है कि मृतक ने मरने से पहले अपने बेटे को अपना एटीएम कार्ड सौंपा था और कहा था कि यदि पुलिस ज्यादा दबाव डाले तो 1 लाख देकर मामला शांत कर लेना। इसके तुरंत बाद उन्होंने फांसी लगा ली।

# चितरंगी परियोजना क्रमांक-1 का प्रभार बदला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सिंगरौली में प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी आदेश के अनुसार बाल विकास परियोजना चितरंगी क्रमांक 1 के प्रशासनिक प्रभार में परिवर्तन किया गया है। पूर्व आदेश दिनांक 18 नवंबर 2025 के तहत ऊषा तिवारी, पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना चितरंगी क्रमांक 01 को आगामी आदेश तक परियोजना का प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया था। अब प्रशासनिक कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए चितरंगी क्रमांक 01 का प्रभार सतेंद्र सांधिया, परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना चितरंगी क्रमांक 2 को आगामी आदेश तक सौंपा गया है।




अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99